
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹103903/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹126900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

इंदौर के सप्लायर समेत सारंगढ़, भाटापारा के कारोबारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

# छत्तीसगढ़ में नकली दवा का खेल एंटीबायोटिक में चूना जैसा पाउडर!



आरोपियों को जेल दाखिल करते एफडीए की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राज्य में एंटीबायोटिक के नकली दवा कारोबार का गोरखधंधा फूटा है। दिसंबर में गोगांव के गोल्डन ट्रांसपोर्ट में मिली दवा की जांच के चार महीने बाद इंदौर के सप्लायर, भाटापारा और सारंगढ़ के दो दवा कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भाटापारा की प्रेम प्रकाश एजेंसी के संचालक सुरेन्द्र कामनानी ने सारंगढ़ के सरस्वती मेडिकल के संचालक खेमराम बानी के नाम से इंदौर के मां बिजायन मेडिकोज के संचालक रोचक अग्रवाल से दवा की सप्लाई करवाई थी। जांच में पता चला कि एंटीबायोटिक महज एक पाउडर था। इस पर चेन्नई की किसी कंपनी का जिक्र था, जबकि इस नाम की कंपनी है ही नहीं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने ट्रांसपोर्ट में नकली दवा जब्त करने के बाद मिले बिल के आधार पर सरस्वती मेडिकल सारंगढ़ के संचालक खेमराम से पूछताछ की थी। इस दौरान उसके मोबाइल पर नकली दवा की तस्वीर मिली थी। इस आधार पर पूछताछ में यह पता चला था कि यह दवा भाटापारा के प्रेमप्रकाश एजेंसी के संचालक सुरेन्द्र कामनानी के माध्यम से इंदौर से मंगाई गई है। जांच टीम इंदौर पहुंची और वहां के ट्रांसपोर्ट से मिले दस्तावेज के आधार पर मां बिजायन मेडिकोज (होलसेलर) के संचालक रोचक अग्रवाल तक पहुंची। उनसे प्रारंभिक पूछताछ के बाद टीम लौटी और अपने स्तर पर दवा के आर्डर, उसके भुगतान के सबूत तलाशा गया। इस इंवेस्टीगेशन में पुलिस की मदद ली गई। जांच पूरी होने के बाद सोमवार 13 अप्रैल को तीनों आरोपियों को ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले की जांच और इंवेस्टीगेशन में औषधि निरीक्षक नीरज साहू और ईश्वरी नारायण ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### राज्य में तीसरे मामले में गिरफ्तार

नकली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने तीसरे प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की है। इसके पहले गरियाबंद में नकली कफ सिरप बेचने के मामले में मेडिकल स्टोर्स के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उसके बाद रायगढ़ इलाके में नकली क्रीम के मामले में एक दवा कारोबारी को पकड़ा गया था। इस बार नकली एंटीबायोटिक के कारोबार में तीन दवा कारोबारी पकड़े गए हैं।

### एक जांच अधिकारी हुआ था निलंबित

नकली दवा के मामले में गिरफ्तार सारंगढ़ के कारोबारी खेमराम बानी के साथ राजधानी के एक रेस्टोरेंट में जांच अधिकारी संजय नेताम मीटिंग करते रंगे हाथ पकड़े गए थे। इस मामले में उनकी बैठक को संदेह के दायरे में रखते हुए निलंबित कर दिया गया था। इस प्रकरण की जांच को लेकर एफडीए की टीम पर विभिन्न तरह का दबाव था। चुनौतियों का सामना करते हुए टीम ने मामले की जांच पूरी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की।

ट्रंप बोले- ईरानी 'फास्ट अटैक' जहाज को करेंगे नष्ट, ईरान ने भी दी धमकी, खाड़ी देशों में हड़कंप

# होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी, ईरान ने कहा-कोई बंदरगाह नहीं रहेगा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| काहिरा

अमेरिकी सेना सोमवार को ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों से पोतों की आवाजाही रोकने के मकसद से नाकेबंदी कर दी, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं। अमेरिका के इस कदम के जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी बंदरगाहों को धमकी दी है। इस कदम से तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं और युद्ध के फिर से भड़कने की आशंका है। 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग' के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा, इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान के स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। 'यूएस सेंट्रल कमांड' (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी, जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। सेंटकॉम ने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज ▶▶|शेष पेज 8 पर

इस्लामाबाद टॉक्स बेनतीजा रहने के बाद अमेरिका और ईरान के बीच वार-पलटवार तेज हो गया है। अमेरिकी सैन्य बलों ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों पर नाकाबंदी लागू कर दी है। ईरान की ओर से पलटवार किया गया है। ईरान ने कहा कि कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। आईआरसीजी ने कहा कि कोई भी सैन्य जहाज जो किसी भी नाम या बहाने से होर्मुज स्ट्रेट के करीब आने की कोशिश करेगा, उसे संघर्ष विराम का उल्लंघन माना जाएगा और उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।



### भारत की 'नैया' पार लगाएगा ईरान

ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद होर्मुज को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि भारत के लिए एक राहत भरी खबर है। भारत के जहाजों को होर्मुज से गुजरने देने को लेकर ईरान ने सकारात्मक रुख दिखाया है। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने सोमवार को इस बारे में बयान दिया। इस रास्ते से भारत का 40 फीसदी कच्चा तेल आता है। हालांकि कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई थी, लेकिन फिर भी ट्रैफिक पहले जैसा नहीं है।

### ब्रिटेन ने किया किनारा

इस बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने सोमवार को बीबीसी रेडियो से कहा कि ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी में ब्रिटेन शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्रयास प्रमुख जलमार्ग को फिर से खोलने पर केंद्रित हैं, जिसके बंद होने से तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं।

### नाकाबंदी का ऐसा असर: तेल की कीमतों में उछाल

अमेरिका द्वारा सोमवार से ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू करने की घोषणा के बाद बाजार में शुरुआती कारोबार में तेल की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 104.24 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट कच्चे तेल का मूल्य सात प्रतिशत बढ़कर 102.29 अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। ईरान युद्ध के दौरान ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आया है।

### *ईरान बोला-अगर तुम लड़ोगे, तो हम लड़ेंगे*

*ईरान का कहना है, 'अगर तुम लड़ोगे, तो हम लड़ेंगे।' ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। सैन्य सलाहकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर मोहसेन रेजाई ने लिखा कि होर्मुज़ नाकाबंदी का मुकाबला करने के लिए देश की सशस्त्र सेनाओं के पास 'कई महत्वपूर्ण अप्रयुक्त साधन' मौजूद हैं।*

### *नाकाबंदी का क्या है*

*अमेरिकी सेना का कहना है कि सोमवार को होर्मुज़ स्ट्रेट पर नाकाबंदी से ईरानी बंदरगाह से सारा ट्रैफ़िक ब्लॉक कर दिया गया है, लेकिन दूसरी जगहों से आने वाले जहाज़ों को वॉटरवे से गुज़रने दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान को पैसा नहीं बनाने देंगे। ताकि वे उन लोगों के लिए तेल बचा सकें जिन्हें वे पसंद करते हैं और उन लोगों के लिए नहीं जिन्हें वे पसंद नहीं करते। विश्लेषकों का मानना है ट्रंप का बयान ईरान पर अमेरिकी शर्तों पर डील करने के लिए दबाव डालने की स्ट्रैटेजी का हिस्सा है।*



BEST EXCHANGE POLICY | CUSTOMIZATION AVAILABLE | FREE LIFETIME CLEANING | BEST VALUE FOR MONEY | TRY BEFORE YOU BUY | WIDEST RANGE OF SILVER PRODUCTS | HALLMARKED & QUALITY TESTED PRODUCTS
NOW OPEN AT
VIP ROAD: SAFFRON CORPORATE, NEAR MAKE IN INDIA SQUARE, TELIBANDHA, RAIPUR. MOB 9124826840
PANDRI: PLOT NO 10/2,10/3, MAIN ROAD JEEVAN BIMA MARG, RAIPUR. MOB 9124826841


14
April
भीम जयंती
महान समाज सुधारक, भारत रत्न
भारतीय संविधान के निर्माता
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
के
जयंती
की हार्दिक बधाई...
दुय्यम कव्वाली
15 अप्रैल 2026, बुधवार
वार्ड क्र.-12, मोहन नगर पश्चिम, दुर्ग
अजीत वैद्य, पार्षद
CONSTITUTION OF INDIA

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




दो दिन की सर्चिंग के बाद तीसरे दिन सुबह खाना खा के उठे थे तभी हुआ धमाका

एसपी ऑफिस में कर रहे ड्यूटी, अब बहनों की शादी व घर की जिम्मेदारी



5 भाग

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी

# विस्फोट में घुटने तक पैर कट गया, पर हालात के आगे नहीं टेके घुटने, ड्यूटी पर अब भी मुस्तैद

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी के पांचवे भाग में हम बता रहे है नारायणपुर जिले के डीआरजी में पदस्थ एक ऐसे ही जांबाज राकेश यादव के वीरता, त्याग और अटूट संकल्प की कहानी जो देश के साथ ही परिवार की जिम्मेदारी भी बखूबी




निभा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस विभाग में कर्तव्यों के निर्वहन के साथ ही बहनों की शादी व पिता की देखभाल उनकी पहली जिम्मेदारी बन गई है, जो उनके जीवन के साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायी उदाहरण है। आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उनका दाहिना पैर ⏭शेष पेज 8 पर

## टॉस्क पूरा करने टीम के साथ हुए थे रवाना

राकेश यादव ने बताया कि 19 फरवरी 2025 को तोयमेटा - हितुलवाड़ा रोड निर्माण कार्य किया जा रहा था। पुलिस कैम्प कडेमेटा से डीआरजी के 67 जवान रोड सुरक्षा में रवाना हुए थे। पहले दो दिन तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन तीसरे दिन 21 फरवरी को काफी संख्या में ग्रामीण रोड निर्माण का विरोध करते हुए पहुंचे। उन्हें समझाइश देने व दोपहर लगभग एक बजे भोजन करने के बाद वह पहाड़ के ऊपर चढ़ते हुए अपने ⏭शेष पेज 8 पर

## ड्यूटी के साथ ही बहनों व पिता की भी जिम्मेदारी निभा रहे



वर्ष 2003 में मां का आकस्मिक निधन हो गया, तब वे महज 12 साल के थे। मां की मौत के बाद पिता ने घर पर ही मनिहारी सामान की छोटी सी दुकान खोल ली थी। क्षेत्र में होने वाले साप्ताहिक बाजारों में सामान बेचने जाने लगे। इसी से परिवार का भरणपोषण हो रहा था। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए राकेश ने वर्ष 2012 में होमगार्ड में भर्ती हो गए। ⏭शेष पेज 8 पर

## शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा बस्तर की असली प्रेरणा

कुछ वीर अमर हो गए, कुछ घायल होकर भी डटे रहे, बस्तर उनके साहस को सदैव नमन करता है। शहीदों का बलिदान ओर घायल वीरों का साहस बस्तर की असली ताकत है। वहीं, शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा बस्तर की असली प्रेरणा है। यही वजह है कि आज नक्सलमुक्त बस्तर शांति का टापू बनने जा रहा है।

\- सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर

---

अपहरण कर मांगी एक करोड़ की फिरौती

# 24 साल की महिला ने 14 साल के नाबालिग का किया हनीट्रेप



### ठेकेदार के सगे भांजे ने अपने दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में एक नाबालिग लड़के को हनीट्रैप (प्रेम जाल) में फंसाकर उसका अपहरण कर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस इस मामले में नाबालिग को सुरक्षित बचाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कथित महिला व उसका पति सहित अन्य लोग शामिल हैं। महिला की उम्र 24 साल है। उसने 14 साल के नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया। ⏭शेष पेज 8 पर

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में शैलेन्द्र लहरे (25 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा रायपुर, कृष्णा साहू उर्फ करण (28 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा (मास्टरमाइंड), रविंद्र लहरें (20 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा रायपुर, संजय साहू (25 वर्ष) निवासी अमलेश्वर और हेम पुष्पा साहू (24 वर्ष) निवासी चंगोराभाठा शामिल हैं।

### ऐसे रची गई थी अपहरण की साजिश

वारदात के करीब 7 दिन पहले मुख्य आरोपी संजय साहू और महिला आरोपी पुष्पा साहू के द्वारा नाबालिग को हनीट्रैप में फंसाने की योजना बनाई गई। आरोपी महिला ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में नाबालिग से संपर्क करते हुए अपने झांसे में लिया। 12 अप्रैल की दोपहर महिला ने नाबालिग को फोन कर तिरंगा चौक अम्लेश्वर मिलने के लिए बुलाया। कार के पास जाते ही नाबालिग को कार में खींच लिया गया। कार में महिला सहित चार लड़के पहले से मौजूद थे।

### वीडियो भेजकर मांगे 1 करोड़

एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रार्थी ने अपने बेटे के अहरण की सूचना दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके बेटा मोटरसाइकिल बनवाने के बहाने तिरंगा चौक अमलेश्वर गया था। वहां उसे कुछ आरोपियों ने बुलाया और वहां से उसका अपहरण कर लिया। घटना के बाद उन्होंने मोबाइल में फोन करके धमकी दी। उन्होंने उसके बेटे का वीडियो भेजकर उसे छोड़ने के एवज में एक करोड़ रुपए फिरौती मांगी है।

---

महिला आरक्षण पर 16 को पेश हो सकता है बिल, गरमाई सियासत

# पीएम मोदी बोले-21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर भारत

महिला आरक्षण बिल के संशोधन को लेकर देश की सियासत गरमा गई है। 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है। इस बीच, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जोर देकर कहा कि असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है। अब ऐसे में संसद के विशेष सत्र पर सबकी नजरें टिकी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है क्योंकि संसद उस समय 'नया इतिहास' रचेगी जब 2029 से महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए, इस सप्ताह इसमें संशोधन किया जाएगा। मोदी ने 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले यहां आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में कहा कि इस कानून के लागू होने से अतीत की परिकल्पनाएं साकार होंगी और भविष्य के संकल्प पूरे होंगे। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो।

■ 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने महिलाओं को दिया संदेश

### इसलिए लाया जा रहा संशोधन विधेयक

महिला आरक्षण कानून को 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में बदलाव जरूरी है। इसी वजह से सरकार ने कानून में संशोधन पारित कराने के लिए बजट सत्र की अवधि का विस्तार किया गया है। महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन पारित होने के बाद लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

### पीएम ने कहा - संसद रच सकती है नया इतिहास



### महिलाओं की भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है, और हमारी प्राथमिकता भी है, इस बार भी, ये काम संवाद, सहयोग और सहभागिता से हो।

### महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण

संसद ने सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया था। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था। मौजूदा कानून के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता।

### मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नई दिल्ली के विज्ञान भवन से प्रसारित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह देश की मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी एवं सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

### सोनिया बोलीं-परिसीमन प्रस्ताव अत्यंत खतरनाक



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि इस सप्ताह संसद के विशेष सत्र में विधेयक लाने के सरकार के कदम को लेकर असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है। गांधी ने दावा किया कि यह 'परिसीमन प्रस्ताव अत्यंत खतरनाक' है और 'संविधान पर भी हमला' है। लोकसभा में सीटों की संख्या में वृद्धि करने वाले किसी भी परिसीमन को केवल गणितीय रूप से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी न्यायसंगत होना चाहिए।

### संसद से पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुद्दा

संसद के आगामी विशेष सत्र से पहले महिला आरक्षण विधेयक का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। याचिका में यह तर्क दिया गया है कि महिलाओं के लिए एक तिहाई कोटा का फायदा स्थगित नहीं किया जाना चाहिए और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग की गई है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम अधिकार देने से किया इंकार

# पश्चिम बंगाल में 34 लाख लोग नहीं डाल सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में उन लाखों लोगों को वोट डालने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है, जिनका नाम स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू के दौरान वोटर लिस्ट से कट गया था। कोर्ट को सूचित किया गया था कि 11 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नामों को खारिज किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ 34 लाख 35 हजार 174 अपीलें दायर की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि मतदाताओं को बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जाना चाहिए, खासकर तब जब 23 अप्रैल को मतदान होना निर्धारित है।



### न्यायिक अधिकारियों पर भी की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि एसआईआर का कार्य कर रहे न्यायिक अधिकारियों से अत्यधिक दबाव वाली परिस्थितियों में 100% सटीकता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति कम समय सीमा के भीतर प्रतिदिन 1000 से अधिक दस्तावेजों से निपट रहा हो, तो 70% सटीकता को भी 'उत्कृष्ट' माना जाएगा।

### 'आशा ताई' को अंतिम विदाई....



**मुंबई।** प्रख्यात गायिका आशा भोसले का मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर सोमवार शाम हिंदू रीति-रिवाज और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। संगीत जगत की जानी-मानी हस्ती को अंतिम विदाई देने के लिए शिवाजी पार्क के अंदर और बाहर काफी संख्या में लोग एकत्र थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुनर्वास केंद्र का किया अवलोकन, पुनर्वासितों से किया आत्मीय संवाद

# भटके कदमों को नई दिशाः सुकमा में पुनर्वास से विकास की कहानी लिख रही है सरकार




रायपुर 13 अप्रैल 2026/नक्सल आतंक से लंबे समय तक प्रभावित रहे सुकमा में अब शांति, विश्वास और विकास की नई तस्वीर उभर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां संचालित पुनर्वास एवं कौशल विकास गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित लोगों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर नया जीवन प्रारंभ करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ मोबाइल, आवास की चाबी और नियुक्ति पत्र का वितरण, 'पुनर्वास से विकास तक' कॉफी टेबल बुक का विमोचन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मानजनक जीवन, रोजगार और आगे ⏭शेष पेज 8 पर

आईएमडी का पूर्वानुमान

# अल नीनो से सामान्य से कम बारिश का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर) के दौरान होने वाली मौसमी बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। भारत में इस दौरान 80 सेंटीमीटर बारिश होने की संभावना है। देश में मौसमी बारिश का (1971 से 2020 तक) दीर्घकालिक ⏭शेष पेज 8 पर

### हिमपात का क्षेत्र कम रहा

महापात्र ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में, उत्तरी गोलार्द्ध में पिछले तीन महीनों (जनवरी से मार्च) के दौरान हिमपात का क्षेत्र सामान्य से थोड़ा कम रहा। जब उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दी और वसंत के दौरान बर्फ ज्यादा गिरता है, तो उसके बाद भारत में मानसून की बारिश आमतौर पर कम हो सकती है, और अगर बर्फ कम हो तो बारिश अधिक होने की संभावना रहती है।




## चिंतन

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

**बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।**

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को



वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

*( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सुरों की अमर सरगम

सुनील कुमार महला



# आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुज़ूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

*( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित
दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं। ***-श्री श्री रविशंकर***


## सुख-दुख आते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

*- दविन्दर सिंह चावला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश



भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

**-रंधीर जायसवाल,** प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

## करंट अफेयर

# पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शपथ पत्र मांगा, जल जीवन मिशन के लिए जारी 536 करोड़ रुपए से पूरे प्रदेश में क्या- क्या काम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जलजीवन मिशन के मामले में हाईकोर्ट में केंद्र सरकार ने बताया कि 536 करोड़ रुपए राज्य शासन को दिए गए हैं। कोर्ट ने राज्य शासन को शपथपत्र पर यह बताने को कहा है कि राशि मिली है तो इससे पूरे प्रदेश में क्या- क्या काम होने हैं अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

प्रदेश में रायगढ़, दुर्ग, बस्तर और अंबिकापुर जिले समेत कई इलाकों में केंद्र शासन के जल जीवन मिशन को लेकर समाचार माध्यमों से खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें बताया गया था कि इन स्थानों पर पाइप लाइन समेत दूसरे इंतजाम किए गए हैं, मगर इसके बाद भी लम्बे समय से लोगों को पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में सुनना शुरू किया। पहले हुई सुनवाई में भारत संघ के अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष भारत



सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल और स्वच्छता विभाग, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन द्वारा जारी 16 जून 2025 के पत्र की एक प्रति प्रस्तुत की, जिसे रिकॉर्ड पर ले लिया गया। इस पत्र में यह कहा गया कि सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों, संसदीय सचिवों और प्रभारी सचिवों (ग्रामीण जल आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) को सूचित कर दिया गया है कि जहां तक जल जीवन मिशन के व्यय का संबंध है, जल जीवन मिशन के विस्तार के लिए सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी प्राप्त करने के बाद ही नियमित चरण के लिए धनराशि जारी की जाएगी। आज सोमवार को डिवीजन बेंच में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अवर सचिव का इस संबंध में पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में जेजेएम (जल जीवन मिशन) के विस्तार को दिसंबर, 2028 तक के लिए मंजूरी दे दी है। इस में बढ़ी हुई धनराशि और पुनर्गठित कार्यान्वयन शामिल है, जिसका मुख्य ज़ोर ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों पर है। साथ ही जेजेएम 2.0 के लिए परिचालन दिशानिर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राज्य शासन से प्राप्त प्रस्ताव पर मार्च, 2026 में छत्तीसगढ़ के लिए, और वित्तीय वर्ष 2025-26 में जेजेएम 2.0के लिए परिचालन दिशानिर्देशों के अनुरूप राज्य को 536.53 करोड़ की राशि जारी की गई है। इस जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन से कहा कि शपथपत्र पर बताएं कि इस राशि से पूरे प्रदेश में क्या- क्या काम होने हैं।

## रायपुर बार एसोसिएशन चुनाव पर रोक 15 दिनों के लिए बढ़ाई

हाईकोर्ट ने रायपुर जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। सोमवार को इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने यह रोक 15 दिनों के लिए बढ़ाते हुए एक अन्य याचिका को निराकृत कर दिया साथ ही याचिकाकर्ता को बायलाज के अनुसार स्टेट बार काउंसिल में अपना रिप्रेजेंटेशन पेश करने का निर्देश दिया है। रायपुर जिला कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही महिला वकील शमीम रहमान ने एडवोकेट हमीदा सिद्दिकी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें चुनाव प्रक्रिया की वैधानिकता को चुनौती देते हुए कहा गया कि चुनाव की अधिसूचना के अनुसार कुल 18 पदों में से 9 पद केवल पुरुष अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कर दिए गए थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के योगमाया विरुद्ध केंद्र सरकार के मामले में महिला अधिवक्ताओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का निर्देश दिया था, जिसका पालन नहीं किया गया। वर्तमान व्यवस्था में महिलाओं के लिए केवल 5 पद आरक्षित थे। याचिकाकर्ता का आरोप है कि मुख्य चुनाव अधिकारी ने बिना अधिकार के सहायक चुनाव अधिकारियों और अपील समिति की नियुक्ति कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इसी व्यवस्था के तहत चुनाव कराए जाते हैं तो यह महिला अधिवक्ताओं को उनके चुनावी हक से वंचित करने जैसा होगा। इसी तरह रायपुर के एडवोकेट अश्वनी राव ने भी अधिवक्ता लवकुश साहू और रजनी सोरेन के माध्यम से एक याचिका लगाईं थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि जब बायलॉज में पुरुषों के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान ही नहीं है तो 9 पदों को उनके लिए ब्लॉक करना गलत है। हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी थी। आज इन दोनों याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई करते हुए जस्टिस एनके चन्द्रवंशी ने इस रोक को 15 दिनों और बढ़ा दिया है। इसके साथ ही एडवोकेट राव की याचिका के बारे में निर्देशित किया कि आप स्टेट बार काउंसिल में अभ्यावेदन पेश करें, बार काउंसिल को इस अभ्यावेदन पर 7 दिनों में विधि अनुरूप कार्रवाई करने का निर्देश दिया है साथ ही पिटीशन को डिस्पोज ऑफ किया है।

## 13 वर्षों से पदस्थ उप निरीक्षकों की नियुक्ति की निरस्त

हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए 13 वर्षों से पदस्थ उप निरीक्षक की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश दिया है। नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा द्वारा 16 नवंबर 2012 को राजस्व उप निरीक्षक अनारक्षित पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें स्नातक एवं पीजीडीसीए अनिवार्य योग्यता निर्धारित थी। भाटापारा निवासी देवेंद्र कुमार साहू ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया, किन्तु जब पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी हुई, तो उनका नाम किसी भी सूची में शामिल नहीं किया गया। इसके बावजूद 23 मार्च 2013 को नियुक्ति आदेश जारी कर उत्तरवादी सतीश सिंह चौहान की नियुक्ति कर दी गई। इससे व्यथित होकर देवेंद्र कुमार साहू ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल के समक्ष हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ईशान सलूजा ने पक्ष रखते हुए बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त दस्तावेजों से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता का आवेदन विधिवत प्राप्त हुआ था, फिर भी उसे चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। साथ ही यह भी तर्क रखा गया कि उत्तरवादी सतीश सिंह चौहान के पिता उस समय नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ के पद पर पदस्थ थे, जिससे चयन प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि उत्तरवादी का अनुभव प्रमाण पत्र भी उनके पिता द्वारा ही जारी किया गया, जो प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत होता है। कोर्ट ने समस्त तथ्यों का परीक्षण करते हुए पाया कि याचिकाकर्ता का आवेदन उपलब्ध होने के बावजूद उसे पात्र/अपात्र सूची में शामिल नहीं करना गंभीर त्रुटि है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को इस प्रकार समाप्त करना पूरी चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को प्रभावित करता है। न्यायालय ने यह भी माना कि उत्तरवादी के पक्ष में उसके पिता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र चयन प्रक्रिया को संदिग्ध बनाता है और इससे मनमानी एवं पक्षपात की संभावना प्रबल होती है। इन परिस्थितियों में उच्च न्यायालय ने 23 मार्च 2013 के नियुक्ति आदेश को निरस्त करते हुए निर्देशित किया कि पुनः निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया संचालित की जाए तथा याचिकाकर्ता देवेंद्र कुमार साहू की उम्मीदवारी पर विधिवत विचार कर नया नियुक्ति आदेश पारित किया जाए।

# महिला आरक्षण से आधी आबादी को मिलेगा पूरा हक, निर्णय प्रक्रिया में बढ़ेगी भागीदारी-साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नई दिल्ली के विज्ञान भवन से प्रसारित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा, यह देश की मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी एवं सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' नारी की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास नए भारत की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण को रेखांकित किया कि निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सीधी भागीदारी ही विकसित भारत की सशक्त नींव है। उन्होंने कहा, 16 अप्रैल को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होने वाली चर्चा इस ऐतिहासिक पहल को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में पीएम मोदी के उद्बोधन को सुना



### भारत में नारी को सदैव उच्च स्थान

मुख्यमंत्री ने कहा, भारत की सांस्कृतिक परंपरा में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की भूमिका समाज के निर्माण और विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। हमारी डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं ने इस परंपरा को आधुनिक संदर्भ में सशक्त रूप दिया है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ आगे बढ़ रही हैं।

### राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला है, जिसका सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। साथ ही 'महतारी वंदन योजना' जैसी पहल माताओं-बहनों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बना रही हैं।

### हर मंच पर अपनी आवाज बुलंद करें

मुख्यमंत्री ने कहा, यह सुखद संयोग है कि जब देश में महिला आरक्षण पर ऐतिहासिक चर्चा हो रही है, उसी समय छत्तीसगढ़ 'महतारी गौरव वर्ष' मना रहा है। उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ महतारी' का सम्मान और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी प्रदेश की पहचान बन चुकी है। उन्होंने प्रदेश की मातृशक्ति और महिला संगठनों से आह्वान किया कि वे हर मंच पर अपनी आवाज़ बुलंद करें और इस परिवर्तन यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## ध्यान प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को अवकाश देने पर विपश्यना ट्रस्ट ने साय का जताया आभार

**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों को विपश्यना ध्यान शिविरों में शामिल होने के लिए विशेष अवकाश दिए जाने का विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शासन के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट से जुड़े आचार्यों एवं ट्रस्टियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें विपश्यना ध्यान की दिशा में शासकीय कर्मियों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया, विपश्यना ध्यान एक प्रकार का तनाव प्रबंधन एवं सद्गुणों में वृद्धि का प्रशिक्षण है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट के निवेदन पर छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि एवं नैतिक गुणों में संवर्धन के लिए विपश्यना शिविर में जाने के लिए 12 दिन का सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

## नोट का सीरियल नंबर गड़बड़ाया, हवाला रकम की फिल्मी अंदाज में 35 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना में मुंबई के एक हवाला कारोबारी के कर्मी ने अज्ञात ठग के खिलाफ हवाला कारोबार की रकम ट्रांसफर करने के नाम पर 35 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हवाला रकम लेने पहुंची तीसरी पार्टी ने नोट का गलत नंबर देकर कारोबारी के कर्मी को ठगी का शिकार बनाया। कारोबारी के कर्मी ने जिन लोगों से मोबाइल से संपर्क किया था, उन नंबरों को ट्रेस कर पुलिस आरोपी की पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। मुंबई, बांद्रा ईस्ट निवासी करण शर्मा ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मुंबई के हवाला कारोबारी ने अपने कर्मी को एक पार्टी से 35 लाख रुपए लेने भेजा। इसके बाद पार्टी से पैसा लेने के बाद दूसरी पार्टी को देने कहा। इसके बाद उस दूसरी पार्टी ने हवाला कारोबारी के कर्मी को तीसरी पार्टी को देने के लिए कहा। मुंबई के हवाला कारोबारी द्वारा जिनसे पैसा लेने के बाद दूसरी पार्टी के बाद तीसरी पार्टी को देने जो 20 रुपए का नोट का सिरियल नंबर था, वह लीक हो गया। इस बात का फायदा उठाकर कथित तीसरी पार्टी ने 20 रुपए के नोट के सिरियल नंबर में फेरबदल कर गलत नंबर बताकर हवाला कारोबारी के कर्मी से 35 लाख रुपए लिया और रफू चक्कर हो गया।

■ मुंबई का युवक हुआ ठगी का शिकार

## मुंबई-रायपुर के बीच चौथी उड़ान एक मई से, दोपहर ढाई बजे होगी लैंड

**रायपुर।** मुंबई-रायपुर के बीच एक मई से चौथी उड़ान संचालित करने की घोषणा इंडिगो एयरलाइंस ने की है। यह फ्लाइट दोपहर 2.25 बजे रायपुर में लैंड होगी और 2.55 बजे मुंबई के लिए वापस टेकऑफ होगी। अभी सुबह, शाम और रात के वक्त फ्लाइट रायपुर पहुंचती है। नई उड़ान से यात्रियों को दोपहर के वक्त भी आवाजाही की सुविधा मिल पाएगी। व्यास हॉलीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक एक मई से उड़ान लिए तैयार फ्लाइट 6ई 6122 मुंबई से दोपहर साढ़े 12 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2.25 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में लैंड होगी। यहां आधे घंटे के स्टापेज के बाद दोपहर 2.55 बजे टेकऑफ होकर 4.35 बजे मुंबई के एयरपोर्ट पर लैंड होगी। इस फ्लाइट के माध्यम से यात्रियों को दोनों शहरों के बीच दोपहर में अपनी यात्रा पूरी करने का विकल्प मिलेगा। अभी दोनों शहरों के बीच नियमित रूप से तीन फ्लाइट का संचालन किया जाता है, मगर तीनों फ्लाइट सुबह फिर शाम और रात के शेड्यूल में संचालित होती है। काफी समय से दोपहर के वक्त फ्लाइट चलाने की डिमांड की जा रही थी, जो इस विमान के माध्यम से पूरी हो गई। मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच नियमित रूप से उड़ान भरने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या काफी होती है, इसलिए इसका किराया भी सामान्य से ज्यादा होता है।

■ अभी सुबह, शाम और रात में संचालित होती है 3 फ्लाइट


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**प्रथम निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र.44/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 10.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 01.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि रु. (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 66 वैष्णवी गली हनु ट्रेडर्स के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.96 | 3,000.00 |
बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 अंक पर रहा था।

# गलगोटियाज विवि की प्लेसमेंट रिपोर्ट : 4700 से ज्यादा को ऑफर




**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने 2026 बैच के लिए 4700+ प्लेसमेंट ऑफर के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। इससे करियर-संचालित शिक्षा और इंडस्ट्री की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को दर्शाया है। विश्वविद्यालय में टॉप रिक्रूटर्स की मजबूत भागीदारी लगातार जारी है, जो इसके मजबूत एकेडमिक इकोसिस्टम को दर्शाता है और रोजगार सक्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है।

इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, सिटी यूनियन बैंक, एलटीएम, एक्सेंचर और ईवाई जैसे प्रमुख ऑर्गेनाइजेसंस ने इस विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों की भर्ती की है, जो यहां के प्लेसमेंट की कसौटी और निरंतरता को प्रदर्शित करता है। प्लेसमेंट ड्राइव कौशल-आधारित लर्निंग और वास्तविक दुनिया की अपेक्षाओं के माध्यम से शिक्षाविदों और इंडस्ट्री के बीच की खाई को पाटने की संस्थान की क्षमता को उजागर करता है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बताते हैं कि वर्तमान वर्ष के लिए उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये सालाना दर्ज किया गया है। इसके अलावा, कई अन्य छात्रों को उच्च प्रतिष्ठा वाली कंपनियों से 15 लाख से 26.6 लाख रुपये सालाना के बीच नौकरी के प्रस्ताव मिले। अपने इंडस्ट्री-संचालित एकेडमिक इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने सिस्को, टाटा टेक्नोलॉजीज, वीवो, सेल्सफोर्स, एलएंडटी और एचपी-इंटेल जैसी प्रमुख कंपनियों के सहयोग से कई उद्योग एकीकृत शैक्षणिक केंद्रों की स्थापना की है। ये केंद्र छात्रों को व्यावहारिक अनुभव, इंडस्ट्री के अनुकूल ट्रेनिंग, एडवांस टेक्नोलॉजीज और प्रैक्टिकल लर्निंग के अवसर प्रदान करते हैं जो प्रभावी रूप से वास्तविक दुनिया के एप्लीकेशंस के साथ एकेडमिक नॉलेज को जोड़ते हैं, रोजगार क्षमता को असरदार तरीके से बढ़ाते हैं और भविष्य के लिए सक्षम पेशेवरों को तैयार करते हैं। विश्वविद्यालय ने बिग 4 में 80 से अधिक ड्रीम ऑफर भी दर्ज किए हैं, जिसमें छात्रों ने डेलॉयट, ईवाई, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी जैसी प्रमुख वैश्विक फर्मों में अवसर हासिल किए हैं। यह उपलब्धि गलगोटियाज के स्टूडेंट्स की इंडस्ट्री के लिए मजबूत तैयारी, शैक्षणिक गुणवत्ता और पेशेवर उत्कृष्टता को दर्शाती है। उपलब्धियों की सूची में जुड़ते हुए बीटेक (एआइ और एमएल) बैच से निकिता और याशिका जैन को लिंक्डइन कोचइन प्रोग्राम 2026 के लिए चुना गया है।

# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से मार्च में बढ़ी खुदरा महंगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई
- पश्चिम एशिया में जारी संकट से बढ़े खाद्य पदार्थों की कीमतें

खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। ''बिजली, गैस और अन्य ईंधन'' श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही जबकि पिछले फरवरी में यह 1.52 प्रतिशत थी।

#### केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर रखा

मिंडा ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर बनाए रखकर आर्थिक गतिविधियों को भी समर्थन दिया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मार्च में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में थोड़ी बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती हल्के प्रभाव का संकेत देती है।

**ओला की नई स्कूटर पेश, कीमत 1,30,000 रुपए...**



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को 5.2 किलोवाट-घंटा बैटरी वाले नए मॉडल 'एस1 एक्स प्लस' को 1,29,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए मॉडल में कंपनी की स्वदेशी रूप से विकसित '4680 भारत सेल' का इस्तेमाल किया गया है। स्कूटर में 11 किलोवाट की मिड-ड्राइव मोटर और इंटिग्रेटेड मोटर कंट्रोल यूनिट भी दी गई है। बयान, यह स्कूटर एक बार रिचार्ज होने पर 320 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे रखी गई है। यह मॉडल ओला इलेक्ट्रिक के जेन-3 एस1 पोर्टफोलियो का हिस्सा है। कंपनी पहले से रोडस्टर श्रृंखला की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें भी पेश कर रही है।

# चांदी 1,800 रुपए टूटी और सोना 300 रुपए कमजोर

- चांदी घटकर 2.45 लाख रुपए प्रति किलो रह गई
- सोना भी टूटकर 1.55

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 1,800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 1,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले।

# पिरोजशा होंगे गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरपर्सन, अगस्त में संभालेंगे पद

- ग्रुप ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ मुंबई




गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने सोमवार को नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की। इसके तहत पिरोजशा गोदरेज इस वर्ष अगस्त में नादिर गोदरेज से समूह के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नादिर गोदरेज नियोजित पीढ़ीगत उत्तराधिकार के तहत मानद अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। समूह में नेतृत्व स्तर पर अन्य बदलाव भी किये गये हैं। पिरोजशा ने कहा, ''यह क्षण जिम्मेदारी और सौभाग्य दोनों का है। हमें पीढ़ियों से चली आ रही एक उल्लेखनीय विरासत मिली है और अब हमारा कार्य उन मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहते हुए महत्वाकांक्षा के साथ इसे आगे बढ़ाना है जो हमें परिभाषित करते हैं। बयान में कहा गया है कि नादिर अगस्त, 2026 में 75 वर्ष के होने के बाद सेवानिवृत्त होंगे।

#### गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा ध्यान : बुर्जिस

*बुर्जिस ने एस्टेक लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है और वह इसके निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। बुर्जिस ने कहा, ''हमारा ध्यान एक मजबूत गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा, जो सतत विकास को गति प्रदान करते हुए हमारे सभी व्यवसायों में क्रियान्वयन को और बेहतर बनाएगा।''*

# मार्च में खाद्य तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़ा : एसईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 11.73 टन हो गया
- कच्चे पामतेल के आयात में आई वृद्धि

कच्चे पाम तेल के ज़्यादा खेप की वजह से मार्च में भारत का खाद्य तेल का आयात सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11.73 लाख टन हो गया।उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।

एसईए के अनुसार, आने वाले महीनों में वैश्विक कीमतों में तेज़ी और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ज़्यादा माल ढुलाई की लागत की वजह से आयात कम हो सकता है। सोमवार को जारी एक बयान में, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसईए) ने कहा कि खाद्य तेलों का आयात मार्च में बढ़कर 11,73,168 टन हो गया, जो एक साल पहले इसी समय में 10,45,281 टन था।एसईए आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने कच्चे पामतेल का आयात बढ़कर 6,73,965 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 3,43,949 टन था। अखाद्य तेल का आयात 27,742 टन से घटकर 13,401 टन रह गया। वनस्पति तेल (खाद्य और अखाद्य दोनों मिलाकर) का आयात पिछले महीने 11 प्रतिशत बढ़कर 11,86,569 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 10,73,023 टन था। भारत पामतेल इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात करता है, जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राज़ील से आता है। देश अपनी आधी से ज़्यादा घरेलू मांग आयात से पूरी करता है। विपणन वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों के दौरान, कुल वनस्पति तेल का आयात आठ प्रतिशत बढ़कर 65,72,131 टन हो गया, जो पिछले साल इसी समय में 60,96,923 टन था। खाद्य तेल का विपणन साल नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। आगे चलकर, जब तक वैश्विक कीमतें कम नहीं होतीं या मुद्रा की हालत में सुधार नहीं होता, तब तक अल्पावधि में आयात कम रहने की संभावना है।

#### जोखिम को कम करने विविधीकरण पर ध्यान

एसोसिएशन ने कहा कि लंबे समय में, भारत भू-राजनीतिक जोखिम को कम करने के लिए घरेलू तिलहन उत्पादन और स्रोतों के विवधीकरण पर ज़्यादा ध्यान केन्द्रित करने के साथ आयात को संतुलित करना जारी रख सकता है। एसईए ने बताया कि मार्च, 2026 में खाद्य तेल का आयात पिछले महीने के 12.92 लाख टन से 10 प्रतिशत घटकर 11.73 लाख टन रह गया।

## डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने व्याख्यानमाला में कहा

# बिना सुरक्षा उपाय एआई कमजोरियों को बढ़ाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि सुरक्षा उपायों के बिना कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से वित्तीय क्षेत्र में मौजूदा कमजोरियां बढ़ सकती हैं और नई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। तंजावुर स्थित एसएसएसटीआरए विश्वविद्यालय में वी नारायणन स्मृति व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों को सेवा देने, दस्तावेजों को प्रसंस्कृत करने, कर्ज का आकलन करने, जोखिमों की निगरानी करने और निरीक्षण को मजबूत करने के तरीकों को नया रूप दे रही है।

- वित्तीय क्षेत्र की मौजूदा कमजोरियां बढ़ सकती है

#### पांच प्रमुख चिंताओं को किया उजागर

स्वामीनाथन ने कहा, ''इसलिए, वित्त में एआई के बारे में बातचीत संतुलित होनी चाहिए। हमें न तो प्रौद्योगिकी प्रचार के बहकावे में आना चाहिए और न ही रक्षात्मक रुख अपनाना चाहिए। डिप्टी गवर्नर ने इस संबंध में पांच प्रमुख चिंताओं को उजागर किया, जिनमें 'पूर्वाग्रह और अनुचित परिणाम', 'अस्पष्टता', 'डेटा गोपनीयता और दुरुपयोग', 'मॉडल जोखिम' और 'साइबर जोखिम' शामिल हैं।



**उधारकर्ताओं की पहचान करने में मिलेगी मदद :** स्वामीनाथन ने कहा, ''इससे उन संभावित उधारकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिल सकती है जो ऐसा नहीं होने पर वंचित रह सकते हैं।

#### एआई से ग्राहक संपर्क सरल होगा

पूर्व डिप्टी गवर्नर ने कहा कि एआई-सक्षम प्रणालियां ग्राहक संपर्क को सरल, अधिक सहज और प्रतिक्रियाशील बना सकती हैं। यह ऋण वितरण में सुधार करने में भी मदद कर सकती है। स्वामीनाथन ने कहा, ''जिम्मेदारी से उपयोग किए जाने पर एआई लेनदेन व्यवहार, भुगतान प्रवाह और व्यावसायिक गतिविधियों में व्यापक प्रतिरूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करके पारंपरिक तरीकों का पूरक हो सकता है।''

#### हर शक्तिशाली प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार होती है

पूर्व गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, इसकी क्षमता वास्तविक है। लेकिन, जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, हर शक्तिशाली प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार होती है।' स्वामीनाथन ने कहा कि यदि एआई को पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना अपनाया जाता है, तो यह मौजूदा कमजोरियों को बढ़ा सकता है और पूरी तरह से नई प्रकार की समस्याएं पैदा कर सकता है।

**एआई से वित्त अधिक बुद्धिमान हो जाएगा**

*स्वामीनाथन ने शनिवार को दिए अपने व्याख्यान में कहा, ''इस बदलाव की गति उल्लेखनीय है। हमारे सामने असली सवाल यह नहीं है कि एआई के उपयोग से वित्त अधिक बुद्धिमान हो जाएगा, बल्कि यह है कि क्या यह निष्पक्ष, जवाबदेह, समावेशी और मानवीय बना रहेगा।''*

# हार्दिक और क्रुणाल में कोल्ड वॉर, नहीं मिलाए हाथ !

एजेंसी ▸▸| मुंबई

आईपीएल में 12 अप्रैल 20वां लीग मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। मुकाबले में बेंगलुरु ने 18 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बीच पांड्या ब्रदर्स के बीच कोल्ड वॉर भी देखने को मिली, जिसकी चर्चा जोरों से हो रही है। टूर्नामेंट में क्रुणाल बेंगलुरु के लिए और हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। कथित तौर पर मैच के बाद हार्दिक और क्रुणाल ने एक दूसरे से हाथ भी नहीं मिलाया।



### क्रुणाल ने हार्दिक पर मारा तीखा बाउंसर

मैच में एक पल आया कि जब हार्दिक बैटिंग पर और क्रुणाल गेंदबाजी पर एक दूसरे के सामने आए। हार्दिक के सामने बॉलिंग करते हुए क्रुणाल ने एक तीखा बाउंसर मारा, बात सिर्फ बाउंसर मारने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके बाद क्रुणाल ने हार्दिक को तीखी नजरों से देखा भी, जैसे अक्सर गेंदबाज करते हैं। टूर्नामेंट में इससे पहले कभी हार्दिक और क्रुणाल के बीच ऐसा देखने को नहीं मिला है। हार्दिक को जैकब डफी ने आउट किया, जिसके बाद क्रुणाल पांड्या ने काफी एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। क्रुणाल ने इस सेलिब्रेशन ने भी फैंस का ध्यान खींचा। अक्सर आईपीएल में हार्दिक और क्रुणाल को एक दूसरे खिलाफ बड़े ही प्यार-मोहब्बत के साथ खेलते देखा जाता था। दोनों एक दूसरे के गले मिलते थे, एक दूसरे से हाथ मिलाते थे।

### मैच के बाद नहीं किया हैंडशेक

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तब हार्दिक और क्रुणाल ने हैंडशेक नहीं किया। हालांकि यह अभी दोनों के बीच सबकुछ ठीक न होने के सिर्फ कयास हैं। हार्दिक और क्रुणाल ने इस बारे में किसी भी तरह का कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हम भी दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की पुष्टि नहीं करते हैं।

# बीसीसीआई ने आरआर के मैनेजर को भेजा नोटिस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में डगआउट में फोन चलाते दिखे थे।

बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने इस मामले में 48 घंटे में जवाब मांगा है। रोमी भिंडर गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच के दौरान डगआउट में फोन चला रहे थे। उस समय उनके पास वैभव सूर्यवंशी भी बैठे हुए थे। टीवी कैमरों में भिंडर के फोन चलाने की घटना कैद हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया।

### मैच के बीच फोन चलाने का मामला



### भिंडर की है बचने की संभावना

बताया जा रहा है कि टीम मैनेजर मैच के दौरान एक फोन पास में रख सकते हैं। लेकिन वे इस दौरान अगर कोई फोन करते या उठाते हैं तो वह डगआउट में नहीं हो सकता। ऐसा सिर्फ ड्रेसिंग रूम में जाकर ही किया जा सकता है। भिंडर की जो क्लिप सामने आई है उसमें वे फोन पर बात नहीं कर रहे थे। वे केवल फोन स्क्रॉल कर रहे थे। अब देखना होगा कि राजस्थान रॉयल्स और भिंडर की तरफ से क्या सफाई दी जाती है।

### गंभीर रूप से बीमार रहे थे भिंडर

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भिंडर हाल ही में गंभीर रूप से बीमार रहे थे। इस वजह से वह अपने साथ फोन लेकर चलते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भिंडर के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इसकी वजह से उन्हें आईसीयू में रहना पड़ा था। वे कुछ समय के लिए वेंटीलेटर पर थे। करीब एक महीने तक वे अस्पताल में भर्ती रहे।


## खबर संक्षेप



### 2027 में होगी फार्मूला वन रेस की वापसी : खेलमंत्री

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिए कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जाएगा, जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, 'भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।' भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

### यूएस ओपन पिकलबॉल में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह और धीरेन पटेल ने फ्लोरिडा के नेपल्स में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में अपनी-अपनी एकल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन ने एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 हराकर पुरुष एकल 5.0 का खिताब जीता। धीरेन ने 40 प्लस प्रो पुरुष एकल वर्ग में जुआन अरेया की कड़ी चुनौती से पार पाकर 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की। धीरेन इस श्रेणी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके हैं और उनका अनुभव फाइनल में काफी काम आया। उन्होंने कहा, 'यह सबसे कड़े मुकाबलों में से एक था लेकिन मैं अपनी रणनीति पर कायम रहा और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। इस श्रेणी में एक से अधिक बार खिताब जीतना खास है।' भारत इस तरह से इस टूर्नामेंट में अब तक तीन स्वर्ण पदक जीत चुका है।

### 22 नवंबर से डीपी वर्ल्ड आईएलटी20




**दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के पांचवें सत्र का आयोजन इस साल 22 नवंबर से किया जाएगा। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 34 मुकाबले खेले जाएंगे और यह 20 दिसंबर को संपन्न होगी। पिछले सत्र में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।

## आज शाम 7.30 बजे से चेन्नई में गायकवाड़ और रहाणे की टीमों में मुकाबला

# सीएसके की नजर दबदबे पर कोलकाता जीत के लिए बेताब



एजेंसी ▸▸| चेन्नई

पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी।

सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली।

### ग्रीन की गेंदबाजी पर नजर

दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा।



### सीएसके के लिए गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय

सीएसके के लिए हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। वह संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा।

### गुरजपनीत ने डेब्यू मैच में किया प्रभावित

सीएसके के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली, जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए।

### केकेआर को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

*इसी तरह रिंकू सिंह मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब हैं और मंगलवार का दिन उनके लिए खास हो सकता है। रहाणे ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभाव छोड़ा है। रोवमैन पॉवेल और ग्रीन ने भी एलएसजी के खिलाफ कुछ रन बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। केकेआर को अगर सीएसके को उसके गढ़ में हराना है तो उसके गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसका असर परिणाम में देखने को मिल रहा है।*

***मैच का समय : शाम 7.30 बजे***

# लगातार 4 जीत के बाद हारी राजस्थान



**हैदराबाद।** हैदराबाद से डेब्यू पर साकिब और प्रफुल्ल को 4-4 विकेट; ईशान ने 91 रन बनाए आईपीएल के 19वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को पहली हार मिली। राजीव गांधी स्टेडियम में टीम को सनराइजर्स हैदराबाद ने 57 रन से हरा दिया।

हैदराबाद से टूर्नामेंट डेब्यू करने उतरे पेसर प्रफुल्ल हिंग और साकिब हुसैन ने 4-4 विकेट लिए। वहीं कप्तान ईशान किशन ने फिफ्टी लगाई। सोमवार कौ दराबाद ने बॉलिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 216 रन बनाए। ईशान ने 91 और हेनरिक क्लासन ने 40 रन बनाए। RR से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। मेहमान टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। डोनोवन फरेरा ने 69 और रवींद्र जडेजा ने 45 रन बनाकर सेंचुरी पार्टनरशिप की। दराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने भी 2 विकेट लिए। प्रफुल्ल ने पारी की शुरुआत की और पहले ही ओवर में 3 विकेट झटक लिए। वे आईपीएल डेब्यू के पहले ही ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले प्लेयर बने। उन्होंने 34 रन देकर 4 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। प्रफुल्ल हिंगे ने अपने शुरुआती दो ओवर में 4 विकेट झटके।

### रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

**ऑगस्टा।** रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं। मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफ़लर पर एक शॉट से जीत हासिल की।

# एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग: सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी, अल्कारेज को पछाड़ा

एजेंसी ▸▸| रोम



इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था, जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है।

# मौका गंवाने के बाद वापसी पर वैशाली की नजरें

**पाफोस।** शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
Phone:- 07775-266355/Fax:- 07775-266956/ Email Id:- nagarpalikasurajpur@gmail.com

क्रमांक /855/ न.पा.प./2026-27 सूरजपुर, दिनांक 13.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | लागत (लाख) | निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 188724 | वार्ड क्र. 02 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य | 24.87 | 01.05.2026 5.00 PM |

विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन अवधि में न.पा. कार्यालय एवं वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**NAGAR PANCHAYAT BAGICHA, DIST-JASHPUR (C.G.)**
**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

NIT NO: 105 BAGICHA, Dated 13/04/2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 05.05.2026 at 17.30 Hours.

| System tender No. | Description | P.A.C. |
|---|---|---|
| 188833 | Construction of Gaurav Path from Tahsil Chowk to High School Chowk (including Drain, Dividor/ D.I. Pipes Work) | 1000.23 LACS |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 13/04/2026 at 18:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT BAGICHA

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक / /वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक 10.04.2026

आवेदक श्री दीपक कुमार आत्मज श्री प्यारे लाल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम भांड़ी वा.क्र.14 थाना सीपत तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी आकांक्षा एक्का आत्मजा स्व.मट्टूराम एक्का माता श्रीमती बिन्नू एक्का उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम धेलसरा गड्डापारा पो.थाना एवं तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 18.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



दीपक कुमार    कु.आकांक्षा एक्का

(एस.एस.दुबे) अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 156 / न.पा.नि./ 2026 रायगढ़ दिनाँक 13.4.26

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online). निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (रू.) (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 188818 | CONSTRUCTION OF B.T. ROAD AND DRAIN WORK FROM SATTIGUDI CHOWK TO SHUBHASH CHOWK TO STATION CHOWK RAIGARH. | 237.64 | 05.05.2026 |
| 2 | 188820 | CONSTRUCTION OF B.T. ROAD FROM HEMUCOLONY CHOWK TO BELADULA GOVT. SCHOOL & AMBEDKAR CHOWK TO AYURVEDIC HOSPITAL TO BAL NYALAY TO UPBHOKTA PURAM ROAD RAIGARH. | 297.67 | 05.05.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

निलामी की तिथि एवं समय :- 20-मई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** द्वारा-एम अलागेसन, नंबर 32, चिनराज नगर, करायनचावडी, अय्यप्पनथंगल, एस पी महिला छात्रावास के पास, पूनामल्ली, पूनामल्ली-चेन्नई, तमिलनाडु, पिन - 600056& **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** पुत्र स्व. श्री गंगा प्रसाद पाठक, हिंदी हाई स्कूल के पास, शास्त्री नगर, सरशातली हीरापुर, बर्दवान, पश्चिम बंगाल-713055. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** महानिदेशालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चेन्नई, 77 बीएन सीआरपीएफ उप जेल परिसर, करायंचवडी, पूनामल्ले - चेन्नई - 600056. **श्रीमती मिश्रा विभा** फ्लैट-ए-1/9-ए-108, फ्लोर-1, लोटस टावर ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 32611, 17, 19, 23, 20 भाग, मकान नं. 105, ग्राम-मठपुरेना रायपुर छ.ग.-492001. **श्रीमती मिश्रा विभा** पुत्री नरेश मिश्रा, ई 44, राधास्वामी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. | ₹ 16,35,423/- 30 अप्रैल 25* की स्थिति में | समरत भाग एवं आंशिक भाग की हाऊसहोल्ड फ्लैट जिसका क्षेत्रफल सुपर बिल्टअप एरिया-820 वर्ग फुट, बिल्टअप एरिया-800 वर्ग फुट है, प्रथम मंजिल, फ्लैट-ए-1/9-ए-108, पहली मंजिल, लोटस टावर कॉम्प्लेक्स, ढेबर सिटी ब्लॉक, प.ह.नं. 105/47, खसरा संख्या 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, वार्ड संख्या 61, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, ग्राम-मठपुरेना, रायपुर छत्तीसगढ़। **चौहद्दी**:-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर में फ्लैट संख्या ए-1/10, दक्षिण में खुला स्थान, पूर्व में लॉबी, सीढ़ियाँ और रास्ता, पश्चिम में खुला स्थान। | भौतिक | ₹15,95,000/- | ₹1,59,500/- / ₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 28-अप्रैल -2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-18-मई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।

**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in; संपर्क नंबर: +919266604643.

**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 14 अप्रैल, 2026
स्थान: रायपुर
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी



# छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले से लगे ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है।

ओडिशा के कोमना पुलिस कैंप से निकली सीआरपीएफ की टीम ने एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सोनाबेड़ा अभ्यारण्य से लगे ढेकुनपानी के घने जंगलों में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और आईईडी बनाने का सामान बरामद किया है। सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सीआरपीएफ की टीम ने ढेकुनपानी जंगल के रणनीतिक स्थानों पर सर्चिंग ऑपरेशन तेज किया।

जवानों ने जंगल के भीतर छिपाकर रखी गई सामग्री को बेहद सावधानी के साथ ढूंढ निकाला। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इन विस्फोटकों का उपयोग सुरक्षाबलों के वाहनों को उड़ाने या बड़े हमले को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

## नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने किया नाकाम

### जब्त की गई सामग्री की सूची

मौके से बरामद सामान नक्सलियों की खतरनाक तैयारी की पुष्टि करता है। 70 नग जिलेटिन की छड़ें यह उच्च क्षमता वाला विस्फोटक है। 3 नग स्टील कंटेनर इनका उपयोग घातक 'टिफिन बम' बनाने के लिए किया जाता है। 4 बंडल इलेक्ट्रॉनिक वायर विस्फोटकों के लिए सर्किट तैयार करने और रिमोट कंट्रोल ब्लास्ट के लिए इनका इस्तेमाल होता है।



### सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट

इस सफलता के बाद सोनाबेड़ा अभ्यारण्य और आसपास के दुर्गम इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कोमना पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें अब अन्य संदिग्ध ठिकानों की भी खाक छान रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते विस्फोटक मिलना जवानों की मुस्तैदी का परिणाम है। फिलहाल, ढेकुनपानी और सीमावर्ती थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और गश्त बढ़ा दी गई है।

---

नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी जनगणना अधिनियम के तहत पूरी तरह गोपनीय रहेगी : पिंगुआ

# जनगणना महाभियान में झोंकी ताकत, 62 हजार से ज्यादा कर्मचारी, 1 मई से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां निर्णायक चरण पर पहुंच गई हैं। गृह विभाग की सीधी निगरानी में राज्य सरकार ने इस महाअभियान का पूरा ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। रायपुर के सिविल लाइन सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ और जनगणना कार्य निदेशक कार्तिकेय गोयल ने बताया कि राज्य में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण और हाउसिंग गणना का पहला चरण चलेगा। पहली बार यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और स्वगणना के विकल्प के साथ होगी।

गृह विभाग ने जनगणना को राज्य की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद मानते हुए इसकी कमान अपने हाथ में रखी है। राज्य स्तर से लेकर जिला और तहसील स्तर तक लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ स्वयं इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कोई भी शहरी या ग्रामीण इलाका सर्वे से छूट न जाए। विभाग का जोर इस बात पर है कि आंकड़े पूरी तरह सटीक और भरोसेमंद हों, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं के लिए मजबूत आधार तैयार हो सके।

### 1 मई से घर-घर पहुंचेगा प्रशासन

पहले चरण में 1 से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान मकान की स्थिति, निर्माण का प्रकार, पानी-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं, परिवार की संरचना और उपलब्ध परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी दर्ज की जाएगी। गृह विभाग ने इस चरण को राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया है, क्योंकि यही डेटा आगे जनसंख्या गणना के दूसरे चरण की नींव बनेगा।

## पहली बार डिजिटल जनगणना और स्व गणना



इस बार जनगणना की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल स्वरूप है। नागरिक 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी भर सकेंगे. जानकारी दर्ज करने के बाद एक सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी जनरेट होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को दिखाना होगा। प्रगणक की पुष्टि के बाद ही रिकॉर्ड अंतिम रूप से सुरक्षित होगा। गृह विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से डेटा संग्रह की गति बढ़ेगी और त्रुटियों की संभावना कम होगी।

### 62 हजार से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी मैदान पर

राज्य में इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए गृह विभाग ने लगभग 62,500 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसमें प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक और पर्यवेक्षक शामिल हैं। यह पूरा अमला 33 जिलों, नगरीय निकायों और गांवों तक पहुंचकर सुनिश्चित करेगा कि हर घर की जानकारी समय पर दर्ज हो।

### 33 जिलों से 19,978 गांव तक माइक्रो प्लानिंग

गृह विभाग ने जनगणना के पहले चरण के लिए राज्य भर में माइक्रो प्लानिंग की है। यह अभियान 33 जिलों, 195 नगरीय निकायों, 252 तहसीलों और 19,978 गांवों में संचालित होगा। इसके लिए लगभग 49 हजार मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। इन ब्लॉकों के जरिए प्रगणकों की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि कोई भी घर या परिवार सर्वे से बाहर न रहे।

### गोपनीयता पर गृह विभाग का भरोसा

प्रेस वार्ता में गृह विभाग ने साफ किया कि नागरिकों द्वारा दी गई हर जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रहेगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीति निर्माण के लिए किया जाएगा। इनकम टैक्स, पुलिस या किसी जांच एजेंसी के साथ इसे साझा नहीं किया जाएगा। इस भरोसे के जरिए सरकार लोगों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जनगणना के लिए हर नागरिक को जानकारी देना अनिवार्य होगा। जानकारी न देने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

---

# उच्च शिक्षा-स्कूल शिक्षा में उलझे बीएड पाठ्यक्रम, एनसीटीई ने दी मंजूरी लेकिन राज्य में अटकी अर्जी

- 18 महाविद्यालयों ने किए थे आवेदन, इनमें से 2 को ही एनसीटीई ने दी है मंजूरी
- वर्तमान में केवल 5 महाविद्यालय, जहां संचालित है इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रमों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति निर्मित हो गई है। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा इन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है, लेकिन स्टेट बॉडी से अनुमति नहीं मिलने के कारण महाविद्यालय प्रबंधन परेशान है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए 18 महाविद्यालयों ने आवेदन दिया था। शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाविद्यालयों को एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन सहित राज्य के विवि और संबंधित विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले केवल 2 महाविद्यालयों को ही एनसीटीई ने मान्यता प्रदान की है। अब ये दो महाविद्यालय प्रदेश स्तर पर मान्यता प्राप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। दअसल, बीएड पाठ्यक्रम को मान्यता स्कूल शिक्षा विभाग, एससीईआरटी प्रदान करता है। वहीं बीए, बीकॉम, बीएससी पाठ्यक्रम को मान्यता उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। इंटीग्रेटेड बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रम इन दोनों पाठ्यक्रम का संयोजन है। इस कारण यह स्थिति निर्मित हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में पांच महाविद्यालय हैं जहां बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। इनकी 400 सीटें बीते सत्र तक थीं।

**इसे ऐसे समझें-** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पूर्व तक बीएड तथा बीए, बीकॉम, बीएससी पृथक पाठ्यक्रम थे। बीएड जहां दो वर्षीय पाठ्यक्रम था तो वहीं बीए, बीकॉम, बीएससी तीन वर्षीय स्नातक पाठ्क्रम। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इसे इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में तब्दील कर दोनों को आपस में जोड़ दिया गया। अब तक स्नातक करने के बाद बीएड की पात्रता होती थी। इस तरह से बीएड की डिग्री लेने विद्यार्थियों को पांच वर्ष का समय लगता था। एनईपी के तहत इंटीग्रेटेड बीए-बीएड, बीकॉम-बीएड और बीएससी-बीएड की पढ़ाई छात्र बारहवीं कक्षा के बाद तुरंत ही कर सकते हैं। इसमें केवल चार वर्ष का समय छात्रों को लगेगा।

### गतिरोध की स्थिति

प्रदेश में दो विभागों के मध्य हो रहा गतिरोध शैक्षणिक व्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है। सरकार जल्द समाधान निकालें, अन्यथा पाठ्यक्रम तय समय पर प्रारंभ नहीं किए जा सकेंगे। **-राजीव गुप्ता,** संयोजक, निजी शिक्षा महाविद्यालय

---

# चंपारण में अवैध रूप से चल रहा था बाल आश्रम, 14 बच्चे रेस्क्यू किए गए



**रायपुर।** रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंपारण में एनजीओ से जुड़े कुछ लोग अवैध रूप से बाल आश्रम चला रहे थे। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने इस आश्रम में दबिश दी। इस दौरान आश्रम से 14 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चों को रेस्क्यू करने के बाद बाल केंद्र में रखा गया है। इधर जांच टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि आश्रम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। फिलहाल बच्चों को रेस्क्यू किया है, जांच अभी जारी है।

- कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर कार्रवाई

जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि चंपारण में बने धर्मशाला भवन पंचकोषी धाम में यह बाल आश्रम चलाया जा रहा था। इस आश्रम को एनजीओ से जुड़ी एक महिला अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चला रही थी। बाल आश्रम चलाने के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति संबंधित विभागों से नहीं ली गई थी। अवैध रूप से चल रहे बाल आश्रम को लेकर शिकायत आई थी। इस शिकायत के आधार पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने आश्रम में दबिश दी। इस दौरान आश्रम में 14 बच्चे थे। इनमें 4-5 बालिका एवं अन्य बालक थे। इन बच्चों की उम्र 3 वर्ष से लेकर 15 वर्ष के बीच है। अधिकारी ने बताया कि आश्रम में बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों में रखा गया था। इन सभी बच्चों को रेस्क्यू कर बाल केंद्र में रखा गया है।

### बच्चों के परिजनों से होगी पूछताछ

इस मामले में रेस्क्यू किए गए बच्चों से भी काउंसलिंग के माध्यम से पूछताछ की जाएगी। इसके साथ उनके परिजनों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पूछताछ के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन कारणों से बच्चों को रहने के लिए आश्रम भेजना पड़ा। कहीं किसी दबाव या लालच में तो बच्चों को आश्रम भेजा नहीं गया है या फिर अन्य कोई कारण तो नहीं है, जिससे बच्चों के भविष्य पर असर पड़ सकता है।

---

# स्वामी विवेकानंद योजना के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने मांगे नाम, एक ब्लॉक से एक विद्यालय, चुकानी होगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य बजट में प्रस्तावित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखकर उन स्कूलों की सूची मांगी गई है, जिन्हें इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाना है। रायपुर के सभी चार ब्लॉक से एक-एक नाम मांगे गए हैं। सूत्रों के अनुसार, शुरुआती चरण में यह व्यवस्था की जा रही है कि प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक विद्यालय स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना के अंतर्गत संचालित किए जाएं। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जून से प्रारंभ होने वाले नवीन शैक्षणिक सत्र से ही इस योजना के क्रियान्वयन की तैयारी चल रही है। शासकीय विद्यालयों में प्रवेश जून माह में प्रारंभ हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद विद्यालयों में भी इन्हीं तिथियों से प्रवेश दिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक से विद्यालयों का चयन होने के बाद इस संदर्भ में विस्तृत घोषणा की जाएगी।

- प्रदेशभर के 150 विद्यालयों को किया जाएगा योजना में शामिल
- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से होगी शुरुआत, दाखिले निर्धारित समय में

### अन्य विद्यालयों के समकक्ष शुल्क

पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में स्वामी आत्मानंद विद्यालय की शुरुआत की गई थी। उस दौरान इसे छात्रों के लिए पूर्णतः निशुल्क रखा गया था। छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क के स्थान पर विद्यालयों को वार्षिक रूप से 5 लाख रुपए फंड देने की व्यवस्था की गई थी। बीते दिनों हुई बैठक में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में छात्रों से पुनः शुल्क लिए जाने का निर्णय लिया गया है। अन्य शासकीय विद्यालयों में छात्रों से हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्तर पर जो शुल्क लिए जाते हैं, वही राशि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भी ली जाएगी। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना में शामिल विद्यालयों से भी यही शुल्क लिया जाएगा। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में शामिल स्कूलों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसमें स्मार्ट भवन, लैब और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी। वहीं कंप्यूटर के लिए भी विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य में वर्तमान में 751 आत्मानंद स्कूल और 343 पीएम श्री स्कूल हैं। शासन के अनुसार, स्वामी विवेकानंद स्कूल खुलने से शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

---

# बढ़ते अपराध, नशाखोरी के खिलाफ प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मासूम बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी और गली-मोहल्लों में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ रायपुर जिला शहर किसान कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी रायपुर को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में बेटियों को सुरक्षा,शहर में बढ़ रहे नशे के अवैध अड्डों को तत्काल बंद कर छापेमारी की मांग की गई। साथ ही पुलिस गश्त में बढ़ोतरी करने और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाने का आग्रह किया गया। जिला अध्यक्ष निशा शर्मा नेकहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए और कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसान कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# सरकारी दफ्तरों में पेयजल व्यवस्था की कमी, बोतल बंद पानी अपने खर्च पर मंगा रहे अधिकारी-कर्मचारी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट भी गर्मी के दिनों में पेयजल के संकट से गुजर रहा है। विभिन्न विभागों में पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण इन विभागों में बाजार से पानी की बोतलें एवं केन मंगाया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से चल रहा है, जिसके कारण अधिकारियों-कर्मचारियों को हर महीने पानी खरीदी में ही बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है। इधर पेयजल की समस्या का निराकरण करना छोड़ उल्टे प्रशासन स्तर पर ही कांच की बोतल वाला पानी खरीदने की लगातार अपील की जा रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" के अंतर्गत गठित शारदा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित झरिया एल्कलाइन वाटर प्लांट की कांच की बोतल बंद पानी बड़ी मात्रा में खरीदा भी जा रहा है। कलेक्टोरेट में कलेक्टर के कक्ष से लेकर अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के दफ्तरों में झरिया एल्कलाइन वाटर प्लांट की कांच वाली पानी बोतल की सप्लाई की जा रही है। हर महीने इन अधिकारियों को बोतल बंद पानी ही पीने के लिए परोसा जा रहा है।










# तय मानक के अनुरूप नहीं होने पर बदली जाएंगी साड़ियां

**अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका को साड़ी वितरण तय मापदंड और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ है, लेकिन जहां भी गड़बड़ी मिली है, वहां सुधार किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर साड़ियां बदली जाएंगी।

- महिला ,बाल विकास विभाग में साड़ी सप्लाई का मामला

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दी गई साड़ियों की लंबाई और गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक्शन लिया है। विभाग के मुताबिक, केंद्र सरकार के प्रावधान के तहत हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को साल में दो साड़ी यूनिफॉर्म दी जाती है। इसके लिए प्रति साड़ी 500 रुपए तय हैं। इसी आधार पर राज्य में करीब 1.94 लाख साड़ियों की आपूर्ति का आदेश छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़ी एजेंसी को दिया गया था। साड़ियों के रंग, डिजाइन और लंबाई का मापदंड राज्य स्तर पर तय किया गया था। इसके अनुसार साड़ी की लंबाई 5.50 मीटर और ब्लाउज पीस सहित कुल लंबाई 6.30 मीटर निर्धारित है।

महिला एवं बाल विकास विभाग को साड़ी की आपूर्ति से पहले छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़ी एजेंसी के सैंपल की जांच तकनीकी एजेंसी राइट्स लिमिटेड, मुंबई से कराई गई थी, जिसमें गुणवत्ता सही पाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका को साड़ी वितरित की गई। हालांकि वितरण के बाद दुर्ग, धमतरी, रायगढ़, बिलासपुर और कबीरधाम जिलों से कुछ शिकायतें सामने आईं। इनमें साड़ी छोटी होने, धागा निकलने और रंग छोड़ने की बात कही गई। विभाग ने तुरंत जांच समिति बनाकर इन मामलों की पड़ताल कराई। जांच में कुछ मामलों में लंबाई कम और बुनाई में खामियां सामने आईं।विभाग का कहना है कि कॉटन साड़ी होने के कारण पहली धुलाई में रंग छोड़ने की स्थिति कुछ जगहों पर दिखी, लेकिन बाद में रंग सामान्य रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने अब सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे साड़ियों की दोबारा जांच करें और जहां मापदंड से कमी मिले, उसकी जानकारी भेजें। साथ ही खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी साड़ियों को बदलकर मानक के अनुसार नई साड़ियां उपलब्ध कराई जाएं। विभाग ने यह भी बताया कि जारी कार्यादेश में ही एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखने और शिकायत मिलने पर सामग्री बदलने की शर्त लिखी गई थी।विभाग का कहना है कि किसी भी हितग्राही को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका को साड़ी मानक के अनुरूप साड़ियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com